Microsoft ग्राहक अनुबंध

यह Microsoft ग्राहक अनुबंध ("अनुबंध") ग्राहक और Microsoft के बीच है और इसमें ये सामान्य शर्तें, लागू उपयोग अधिकार और SLA तथा ऑर्डर दिए जाने पर Microsoft द्वारा प्रस्तुत की जाने वाली सभी अतिरिक्त शर्तें शामिल हैं. यह अनुबंध तब प्रभावी होता है, जब ग्राहक इन सामान्य शर्तों को स्वीकार करता है. इन सामान्य शर्तों को स्वीकार करने वाला व्यक्ति स्वीकार करता है कि वह ग्राहक की ओर से यह अनुबंध करने के लिए अधिकृत है.

सामान्य शर्तें

ये सामान्य शर्तें इस अनुबंध के अंतर्गत ग्राहक के सभी ऑर्डर पर लागू होती हैं. बड़े अक्षरों में दी गई शर्तों के अर्थ "परिभाषाएँ" के अंतर्गत दिए गए हैं.

Microsoft उत्पादों का उपयोग करने का लाइसेंस

a. **लाइसेंस का अनुदान.** उत्पादों का लाइसेंस दिया जाता है, न कि बेचा जाता है. Microsoft द्वारा प्रत्येक ऑर्डर स्वीकार कर लेने पर और ग्राहक द्वारा इस अनुबंध के अनुपालन के अधीन, Microsoft लागू उपयोग अधिकारों और इस अनुबंध में प्रदान किए गए अनुसार ऑर्डर किए गए उत्पादों के उपयोग के लिए ग्राहक को एक गैर-अनन्य और सीमित लाइसेंस प्रदान करता है. ये लाइसेंस पूरी तरह से ग्राहक के अपने उपयोग और व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए होते हैं और उन्हें हस्तांतरित नहीं किया जा सकता, जब तक कि इस अनुबंध या लागू कानून के अंतर्गत इसके लिए स्पष्ट रूप से अनुमति न दी गई हो.

b. **लाइसेंसों की अवधि.** सदस्यता के आधार पर दिए गए लाइसेंसों की समय सीमा लागू सदस्यता अवधि की समाप्ति पर नवीनीकृत न करने पर समाप्त हो जाती है. उपयोग के आधार पर समय-समय पर बिल किए गए मीटर्ड उत्पादों के लिए प्रदान किए गए लाइसेंस, तब तक जारी रहते हैं, जब तक कि ग्राहक उस उत्पाद के अपने उपयोग के लिए भुगतान करना जारी रखता है. अन्य सभी लाइसेंस, पूर्ण भुगतान हो जाने पर चिरस्थायी हो जाते हैं.

c. **लागू उपयोग अधिकार.** चिरस्थायी लाइसेंसों के लिए, ग्राहक द्वारा किसी उत्पाद का ऑर्डर देने पर प्रभावी उपयोग अधिकार लागू होंगे. सदस्यताओं के लिए, प्रत्येक सदस्यता आवधिक के प्रारंभ के समय प्रभावी उपयोगकर्ता अधिकार लागू होंगे. सॉफ़्टवेयर के लिए सदस्यताओं वाले ग्राहक सदस्यता अवधि के दौरान रिलीज़ किए गए नए संस्करणों का उपयोग कर सकते है, बशर्ते कि उन संस्करणों के रिलीज़ के दौरान उपयोग अधिकार प्रभावी हों. मीटर्ड उत्पादों को उपयोग के आधार पर समय-समय पर बिल किया जाता है, प्रत्येक बिलिंग अवधि के आरंभ पर प्रभावी उपयोग अधिकार उस अवधि के दौरान लागू होंगे. Microsoft समय-समय पर उपयोग अधिकारों को अद्यतन कर सकता है, लेकिन किसी विशेष संस्करण के ठोस विपरीत परिवर्तन लागू लाइसेंस, सदस्यता या बिलिंग अवधि पर लागू नहीं किए जाएँगे.

d. **अंतिम उपयोगकर्ता.** ग्राहक अंतिम उपयोगकर्ताओं द्वारा उत्पादों की पहुँच और उपयोग को नियंत्रित करेगा और उन सभी उत्पादों के उपयोग के लिए ज़िम्मेदार होगा, जो इस अनुबंध का अनुपालन नहीं करते हैं.

e. **सहयोगी.** ग्राहक अपने सहयोगियों द्वारा उपयोग के लिए उत्पादों का ऑर्डर दे सकता है. यदि यह ऐसा करता है, तो इस अनुबंध के अंतर्गत प्रदान किए गए लाइसेंस ऐसे सहयोगी पर लागू होंगे लेकिन ग्राहक के पास Microsoft के विरुद्ध इस अनुबंध को लागू करने का एकमात्र अधिकार होगा. इस अनुबंध के अंतर्गत ग्राहक सभी बाध्यताओं और इस अनुबंध के साथ अपने सहयोगियों के अनुपालन के लिए ज़िम्मेदार रहेगा.

f. **अधिकार सुरक्षित रखना.** इस अनुबंध में स्पष्टतः स्वीकृत न किए गए सभी अधिकार Microsoft के पास सुरक्षित रहेंगे. उत्पाद कॉपीराइट तथा अन्य बौद्धिक संपदा कानूनों और अंतरराष्ट्रीय समझौतों द्वारा सुरक्षित हैं. छूट या विबंध द्वारा कोई भी अधिकार स्वीकृत नहीं किए जाएंगे या लागू नहीं होंगे. एक डिवाइस पर उत्पाद तक पहुँचने या उपयोग करने के अधिकार से ग्राहक को उसी डिवाइस में या अन्य सॉफ़्टवेयर या डिवाइस पर Microsoft पेटेंट या अन्य Microsoft बौद्धिक संपदा को लागू करने का कोई अधिकार नहीं मिल जाता.

g. **प्रतिबंध.** इस अनुबंध या उत्पाद दस्तावेज़ में स्पष्ट रूप से अनुमत के सिवाय ग्राहक को निम्न चीज़ें नहीं करनी चाहिए, (और न ही वे ऐसा करने के लिए लाइसेंसीकृत हैं):

(1) किसी भी उत्पाद को रिवर्स इंजीनियर, डीकंपाइल या डिसअसेंबल करना या ऐसा करने का प्रयास करना;

(2) गैर-Microsoft सॉफ़्टवेयर या प्रौद्योगिकी की किसी भी तरीके से स्थापना या उपयोग करना, जो कि Microsoft की बौद्धिक संपदा या प्रौद्योगिकी को किसी भी अन्य लाइसेंस शर्तों की अधीन लाता हो;

(3) किसी उत्पाद की किसी भी तकनीकी सीमा में या उत्पाद दस्तावेज़ में प्रतिबंधों में छेड़छाड़ करना;

(4) किसी उत्पाद के पुर्ज़ों को अलग करना और एक से अधिक डिवाइस पर चलाना;

(5) अलग-अलग समय में किसी उत्पाद के पुर्ज़ों को नवीनीकृत या डाउनग्रेड करना;

(6) किसी उत्पाद के पुर्ज़ों को अलग से स्थानांतरित करना; या

(7) किसी भी उत्पाद को, पूर्णतः या अंशतः, वितरित, उप लाइसेंस, किराए पर, लीज़ या उधार पर देना या किसी तृतीय पक्ष को होस्टिंग सेवाएँ प्रदान करने के लिए उनका उपयोग करना.

h. **लाइसेंस का हस्तांतरण.** ग्राहक केवल पूरी तरह से भुगतान किए गए, चिरस्थायी लाइसेंसों को ही (1) किसी सहभागी को हस्तांतरित कर सकता है या (2) किसी तृतीय पक्ष को हस्तांतरित कर सकता है, जो कि पूरी तरह से केवल हार्डवेयर या ऐसे कर्मचारियों के संदर्भ में हो, जिन्हें (a) सहभागी के सभी या कुछ अधिकारों के प्रत्यहरण या (b) ग्राहक और सहभागी का विलय होने के चलते तृतीय पक्ष के लाइसेंस असाइन किए गए हैं. ऐसे किसी भी हस्तांतरण पर, ग्राहक को लाइसेंसीकृत उत्पाद की स्थापना रद्द करते हुए उसका उपयोग बंद करना होगा और उसकी सभी प्रतियों को नष्ट करना होगा. ग्राहक को लाइसेंस हस्तांतरण के बारे में Microsoft को सूचित करना होगा और हस्तांतरी को सामान्य शर्तों, लागू उपयोग अधिकारों और हस्तांतरित लाइसेंसों के दायरे, उद्देश्य और सीमाओं को दर्शाने के लिए आवश्यक अन्य सभी दस्तावेज़ों की एक प्रतिलिपि प्रदान करनी होगी. इन अनुभाग का अनुपालन न करने वाले लाइसेंस हस्तांतरण के प्रयास अमान्य होते हैं.

i. **ग्राहक योग्यता. ग्राहक इस बात से सहमत हैं कि अगर वह अकादमिक, सरकारी या गैर-लाभकारी प्रस्तावों को खरीद रहा है, तो ग्राहक विशिष्ट योग्यता आवश्यकताओं (https://aka.ms/eligiblitydefinition) को पूरा करता है. आवश्यकताएं पूरी न होने पर, Microsoft योग्यता सत्यापित करने और उत्पाद का उपयोग निलंबित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है.**

गैर-Microsoft उत्पाद.

गैर-Microsoft उत्पादों को ऐसे उत्पादों के प्रकाशकों द्वारा अलग शर्तों के अंतर्गत प्रदान किया जाता है. Microsoft ऑनलाइन स्टोर या Online Service के माध्यम से गैर-Microsoft उत्पाद के लिए कोई ऑर्डर देने से पहले ग्राहक को उन शर्तों की समीक्षा करने का अवसर प्राप्त होगा. ग्राहक और प्रकाशक के बीच तय हुई शर्तों में Microsoft कोई पक्षकार नहीं है. Microsoft प्रकाशक को ग्राहक की संपर्क जानकारी और लेनदेन विवरण प्रदान कर सकता है. Microsoft किसी भी परिस्थिति में गैर-Microsoft उत्पादों के लिए कोई ज़िम्मेदारी या उत्तरदायित्व नहीं स्वीकार करता और न ही ऐसी कोई वारंटी देता है. किसी भी गैर-Microsoft उत्पाद के अपने उपयोग के लिए केवल ग्राहक ज़िम्मेदार होता है.

अनुपालन का सत्यापन करना.

ग्राहक को स्वयं या अपने सहायकों द्वारा उपयोग या वितरित किए जाने वाले उत्पादों से संबंधित रिकॉर्ड रखने चाहिए. Microsoft के व्यय पर, Microsoft कभी भी 30 दिनों की सूचना देकर इस अनुबंध के प्रति ग्राहक और उसके सहयोगियों के अनुपालन की पुष्टि कर सकता है. ऐसा करने के लिए, Microsoft किसी स्वतंत्र लेखापरीक्षक को नियुक्त कर सकता है (गैर-प्रकटन बाध्यताओं के अधीन) या ग्राहक से एक स्व-लेखापरीक्षण प्रक्रिया को पूरा करने के लिए कह सकता है. ग्राहक को उत्पादों को चलाने वाले सिस्टम के सत्यापन और पहुँच के लिए, ऐसी कोई भी जानकारी और दस्तावेज़ प्रदान करने चाहिए, जिनके लिए Microsoft या लेखापरीक्षक उचित रूप से अनुरोध करे. यदि सत्यापन या स्व-लेखापरीक्षण में किसी भी अलाइसेंसीकृत उपयोग का खुलासा होता है, तो ग्राहक को 30 दिनों के भीतर, पर्याप्त लाइसेंस के लिए ऑर्डर कर देना चाहिए, ताकि उसके अलाइसेंसीकृत उपयोग की अवधि को शामिल किया जा सके. Microsoft के अन्य उपायों को सीमित किए बिना, यदि अलाइसेंसीकृत उपयोग ग्राहक के सभी उत्पादों के कुल उपयोग का 5% या अधिक है, तो ग्राहक को सत्यापन में किए गए Microsoft के खर्चों की क्षतिपूर्ति करनी होगी और 125% तात्कालिक ग्राहक मूल्य पर या कम होने पर लागू कानून के अंतर्गत अनुमत अधिकतम मूल्य पर उसके अलाइसेंसीकृत उपयोग को शामिल करने के लिए पर्याप्त लाइसेंस हासिल करने होंगे. सत्यापन प्रक्रिया से संबंधित सभी जानकारी और रिपोर्ट गोपनीय जानकारी होंगी और उनका उपयोग केवल अनुपालन सत्यापित करने के लिए किया जाएगा.

गोपनीयता.

a. **व्यक्तिगत डेटा.** ग्राहक इस अनुबंध में प्रदान किए गए अनुसार, Microsoft और उसके सहयोगियों और उनके संबंधित एजेंटों एवं उप-ठेकेदारों द्वारा व्यक्तिगत डेटा को संसाधित किए जाने के प्रति सहमति देता है. Microsoft को व्यक्तिगत डेटा प्रदान करने से पहले, ग्राहक तृतीय पक्षों (ग्राहक के संपर्कों, भागीदारों, वितरकों, व्यवस्थापकों और कर्मचारियों सहित) से लागू गोपनीयता और डेटा सुरक्षा कानूनों के अंतर्गत सभी आवश्यक सहमतियाँ प्राप्त करेगा.

b. **व्यक्तिगत डेटा का स्थान.** लागू कानून द्वारा अनुमत सीमा में इस अनुबंध के अंतर्गत एकत्रित व्यक्तिगत डेटा को संयुक्त राज्य अमेरिका या किसी भी अन्य देश, जहाँ Microsoft या उसके सहयोगी या उनके संबंधित एजेंटों एवं उप-ठेकेदारों की सुविधाएँ मौजूद हैं, में स्थानांतरित, संग्रहीत और संसाधित किया जा सकता है. Microsoft यूरोपीय आर्थिक क्षेत्र और स्विट्ज़रलैंड से व्यक्तिगत डेटा के एकत्रण, उपयोग, स्थानांतरण, प्रतिधारण और अन्य संसाधन के संबंध में यूरोपीय आर्थिक क्षेत्र एवं स्विस डेटा सुरक्षा कानून की आवश्यकताओं को पूरा करेगा.

गोपनीयता.

a. **गोपनीय जानकारी.** "गोपनीय जानकारी" गैर-सार्वजनिक जानकारी होती है, जो कि "गोपनीय" के रूप में निर्दिष्ट होती है या जिसे उचित व्यक्ति द्वारा गोपनीय समझा जाना चाहिए, जिसमें ग्राहक डेटा, इस अनुबंध की शर्तें और ग्राहक के खाते के प्रमाणीकरण क्रेडेंशियल शामिल हैं, लेकिन इन्ही तक सीमित नहीं है. गोपनीय जानकारी ऐसी जानकारी शामिल नहीं होती, जो (1) किसी गोपनीयता बाध्यता का उल्लंघन किए बिना सार्वजनिक रूप से उपलब्ध हो जाती है; (2) प्राप्तकर्ता पक्ष को किसी गोपनीयता बाध्यता के बिना किसी दूसरे पक्ष से कानून प्राप्त हुई है; (3) स्वतंत्र रूप से विकसित की गई है; या (4) जो एक ऐसी टिप्पणी या सुझाव है, जिसे दूसरे पक्ष के व्यवसाय, उत्पादों या सेवाओं के बारे में स्वेच्छा से दिया गया है.

b. **गोपनीय जानकारी की सुरक्षा.** प्रत्येक पक्ष दूसरों की गोपनीय जानकारी की सुरक्षा करने के लिए उचित कदम उठाएगा और दूसरे पक्ष की गोपनीय जानकारी का केवल पक्षों के व्यावसायिक संबंध के उद्देश्यों के लिए करेगा. कोई भी पक्ष,

सिवाय अपने प्रतिनिधियों के, तृतीय पक्षों के समक्ष गोपनीय जानकारी का खुलासा नहीं करेगा और फिर कम से कम इस अनुबंध के बराबर सुरक्षित, केवल गैर-प्रकटन बाध्यताओं के अंतर्गत जानने-की-आवश्यकता के आधार पर ही खुलासा करेगा. प्रत्येक पक्ष के प्रतिनिधियों द्वारा गोपनीय जानकारी के उपयोग के लिए प्रत्येक पक्ष ज़िम्मेदार होता है और किसी भी प्रकार के अनधिकृत उपयोग का पता चलने पर, उसे दूसरे पक्ष को सूचित करना होगा. Online Services की शर्तें ग्राहक डेटा के प्रकटन और उपयोग के संबंध में अतिरिक्त जानकारी प्रदान कर सकती हैं.

c. **कानूनन आवश्यक प्रकटन.** कानूनन आवश्यक होने पर एक पक्ष दूसरे पक्ष की गोपनीय जानकारी का खुलासा कर सकता है, लेकिन वह ऐसा केवल तभी कर सकता है, जब दूसरे पक्ष (कानूनन अनुमत होने पर) द्वारा सूचित किया गया हो, ताकि दूसरा पक्ष सुरक्षात्मक आदेश पाने के लिए सक्षम हो जाए.

d. **अवशिष्ट जानकारी.** किसी भी पक्ष के लिए, अपने प्रतिनिधियों के कार्य असाइनमेंट को सीमित करने की आवश्यकता नहीं है, जिसके पास गोपनीय जानकारी की पहुँच है. प्रत्येक पक्ष इससे सहमत है कि पक्षों के संबंधित उत्पादों या सेवाओं के विकास या परिनियोजन के समय प्रतिनिधियों द्वारा बिना किसी सहायता के याद की गई जानकारी का उपयोग इस अनुबंध या व्यापार रहस्य कानून के तहत कोई दायित्व नहीं बनता और प्रत्येक पक्ष तदनुसार अन्य पक्ष को खुलासा करने की सीमा तय करने के लिए सहमत है.

e. **गोपनीयता बाध्यता की अवधि.** ये बाध्यताएँ (1) ग्राहक डेटा पर तब तक लागू होती हैं, जब तक कि उन्हें Online Services से हटा नहीं दिया जाता है; और (2) उन सभी अन्य गोपनीय जानकारी पर, किसी पक्ष के गोपनीय जानकारी प्राप्त कर लेने के बाद पाँच वर्ष की समयावधि के लिए लागू होती हैं.

उत्पाद वारंटियाँ.

a. **सीमित वारंटियाँ और उपाय.**

(1) **ऑनलाइन सेवाएं.** Microsoft वारंटी देता है कि प्रत्येक ऑनलाइन सेवा, ग्राहक के उपयोग के दौरान लागू SLA की शर्तों के परिपालन में निष्पादन करेगी. इस वारंटी के उल्लंघन के लिए ग्राहक के उपायों का वर्णन SLA में किया गया है.

(2) **सॉफ़्टवेयर.** Microsoft वारंटी देता है कि तात्कालिक नवीनतम सॉफ़्टवेयर संस्करण वास्तव में ग्राहक के उस संस्करण के लिए लाइसेंस हासिल करने के दिनांक से एक वर्ष के लिए लागू उत्पाद दस्तावेज़ों में वर्णन किए गए अनुसार प्रदर्शन करेगा. यदि ऐसा नहीं होता, और ग्राहक वारंटी अवधि के भीतर Microsoft को सूचित करता है, तो Microsoft अपनी सुविधानुसार, (a) ग्राहक द्वारा सॉफ़्टवेयर लाइसेंस के लिए किए गए भुगतान को वापस करेगा या (b) सॉफ़्टवेयर की मरम्मत या उसे प्रतिस्थापित करेगा.

उपरोक्त उपाय इस अनुभाग में वारंटी के उल्लंघन के लिए ग्राहक के एकमात्र उपाय हैं. ग्राहक उन सभी वारंटी दावों की छूट देता है, जो वारंटी अवधि के दौरान नहीं किए गए.

b. **अपवर्जन.** इस अनुबंध में दी गई वारंटी दुर्घटना, दुरुपयोग या इस अनुबंध के साथ असंगत तरीके से उपयोग के कारण होने वाली समस्याओं पर लागू नहीं होती, इसमें न्यूनतम सिस्टम आवश्यकताओं को पूरा करने में विफलता भी शामिल है. ये वारंटियाँ मुफ़्त, परीक्षण, पूर्वावलोकन या रिलीज़ पूर्व उत्पादों या उत्पादों के ऐसे घटकों पर लागू नहीं होती हैं, जिनके लिए ग्राहक को पुनर्वितरण करने की अनुमति होती है.

c. **अस्वीकरण. उपरोक्त सीमित वारंटियों के अतिरिक्त और लागू कानून के अधीन, Microsoft उत्पादों के लिए कोई भी अन्य वारंटी या शर्त प्रदान नहीं करता और किसी भी अन्य वर्णित, उपलक्षित या वैधानिक दावों को अस्वीकार करता है, इसमें गुण, स्वत्वाधिकार, गैर-उल्लंघन, वाणिज्यिकता और किसी विशेष उद्देश्य के लिए उपयुक्तता भी शामिल है.**

तृतीय-पक्षीय दावों का बचाव.

ये पक्ष इस अनुभाग में वर्णित तृतीय-पक्षीय दावों के विरुद्ध केवल इस स्थिति में एक-दूसरे का बचाव करेंगे, और केवल उस दशा में, जब बचाव पक्ष को तुरंत दावे के लिए लिखित में सूचित किया गया हो और उसके पास रक्षा करने और इसके किसी भी निपटारे को नियंत्रित करने का अधिकार हो, तो उनके परिणामस्वरूप, किसी भी प्रतिकूल निर्णय या स्वीकृत निपटारे की राशि का भुगतान करेंगे. रक्षित होने वाले पक्ष को रक्षित करने वाले पक्ष को सभी आवश्यक सहायता, जानकारी और अधिकार देना पड़ेगा. यदि अन्य पक्ष को सहायता प्रदान करने में आउट-ऑफ़-पॉकेट व्यय लगता है, तो रक्षित करने वाला पक्ष इस उचित व्यय की प्रतिपूर्ति करेगा. यह अनुभाग ऐसे दावों के लिए पक्षों के पूर्णतया समाधानों और संपूर्ण दायित्वों का वर्णन करता है.

a. **Microsoft द्वारा.** Microsoft किसी तृतीय पक्षीय दावे के विरुद्ध ग्राहक की रक्षा इस आरोपों की सीमा तक करेगा कि Microsoft द्वारा उपलब्ध कराया गया एक उत्पाद सशुल्क है और जिसका उपयोग इस अनुबंध (Microsoft द्वारा प्रदान किए गए असंशोधित और किसी अन्य के साथ संयुक्त न किए गए रूप में) के अंतर्गत प्रदान किए गए लाइसेंस की सीमा के अंतर्गत किया गया है, वह किसी व्यापार रहस्य का दुरुपयोग करता है या तृतीय पक्ष पेटेंट, कॉपीराइट, ट्रेडमार्क या अन्य स्वामित्व अधिकार का उल्लंघन करता है. यदि Microsoft दुरुपयोग या उल्लंघन के दावे का समाधान करने में असमर्थ है, तो वह अपनी सुविधानुसार, या तो (1) उस उत्पाद को संशोधित या एक कार्यात्मक समतुल्य उत्पाद से बदल सकता है या (2) ग्राहक का लाइसेंस समाप्त कर सकता है और समाप्ति दिनांक के बाद किसी भी उपयोग अवधि के दौरान उन सभी लाइसेंस शुल्कों की धनवापसी कर सकता है (सतत लाइसेंसों के लिए कम मूल्यह्रास), जिसमें अप्रयुक्त उपभोग के लिए भुगतान की गई राशियाँ भी शामिल हैं, जिनका अग्रिम भुगतान किया गया हो. Microsoft ग्राहक द्वारा ऐसे उत्पाद के उपयोग को जारी रखने के कारण किए गए किसी भी दावे या क्षति का दायित्व नहीं लेगा, जिनके लिए तृतीय पक्ष दावे के कारण उपयोग बंद करने की सूचना दी गई है.

b. **ग्राहक द्वारा.** लागू क़ानून की अनुमत सीमा तक, ग्राहक किसी तृतीय-पक्षीय दावे के विरुद्ध Microsoft और उसके सहयोगियों की, इस सीमा तक रक्षा करेगा, जिसमें आरोप हो कि: (1) कोई भी ग्राहक डेटा या Microsoft द्वारा ऑनलाइन सेवा में ग्राहक की ओर से होस्ट किया गया गैर-Microsoft उत्पाद किसी व्यापार रहस्य का दुरुपयोग करता है या किसी तृतीय पक्ष के एक पेटेंट, कॉपीराइट, ट्रेडमार्क या अन्य स्वामित्व अधिकार का सीधे उल्लंघन करता है; या (2) किसी भी उत्पाद का ग्राहक द्वारा उपयोग, अकेले या किसी अन्य के साथ संयुक्त रूप से, कानून का उल्लंघन करता है या उसे हानि पहुँचाता है.

दायित्व की सीमा.

प्रत्येक उत्पाद के लिए, प्रत्येक पक्ष का दूसरे पक्ष के प्रति अधिकतम, एकीकृत दायित्व अंतिम रूप से एक राशि के रूप में सीधे रूप से प्रदान किए जाने तक सीमित है, जिसकी राशि उस राशि से अधिक नहीं होगी, जिसे ग्राहक को उन उत्पादों के लिए, इन लागू लाइसेंसों की अवधि के लिए देना पड़ा, जो निम्न के अधीन हैं:

a. **सदस्यताएँ.** सदस्यता के आधार पर ऑर्डर किए गए उत्पादों के लिए, दावे की स्थिति पैदा करने वाली किसी भी घटना के लिए ग्राहक के प्रति Microsoft का अधिकतम दायित्व, उस घटना से पहले 12 महीनों के दौरान उत्पाद के लिए ग्राहक द्वारा भुगतान की गई राशि से अधिक नहीं होगा.

b. **मुफ़्त उत्पाद और वितरण योग्य कोड.** मुफ़्त प्रदान किए जा रहे उपकरणों और वह कोड, जिन्हें ग्राहक बिना Microsoft को पृथक भुगतान किए तृतीय पक्षों को पुनर्वितरित करने के लिए अधिकृत है, के लिए Microsoft की सीधी क्षतियों पर दायित्व अंतिम रूप से यू.एस. $5,000 प्रदान किए जाने तक सीमित है.

c. **अपवर्जन.** किसी भी स्थिति में, कोई भी पक्ष अप्रत्यक्ष, आकस्मिक, विशेष, दंडात्मक या परिणामी क्षतियों या उपयोग के नुकसान, या व्यावसायिक व्यवधान के लिए उत्तरदायी नहीं होगा, तथापि ये परिणामस्वरूप हों या दायित्व के किसी अन्य सिद्धांत पर आधारित हों.

d. **अपवाद.** किसी भी पक्ष की (1) गोपनीयता संबंधी बाध्यताओं (सिवाय उस दायित्व के लिए, जो ग्राहक डेटा से संबंधित है, जो उपरोक्त सीमाओं या अपवर्जनों के अधीन बना रहेगा); (2) सुरक्षा बाध्यताओं; या (3) दूसरे पक्ष के बौद्धिक संपदा अधिकारों के उल्लंघन के कारण उत्पन्न दायित्व पर कोई सीमा या अपवर्जन लागू नहीं होगा.

भागीदार.

a. **किसी भागीदार का चयन करना.** ग्राहक अपनी ओर से ऑर्डर देने के लिए किसी भागीदार को अधिकृत कर सकता है और उस भागीदार को इस खाते से संबद्ध करके ग्राहक की खरीदारियों को प्रबंधित कर सकता है. यदि भागीदार के वितरण अधिकार को समाप्त कर दिया जाता है, तो ग्राहक को एक अधिकृत प्रतिस्थापन भागीदार का चयन करना होगा या सीधे Microsoft से खरीदारी करनी होगी. भागीदार और अन्य तृतीय पक्ष Microsoft के एजेंट नहीं होते हैं और न ही Microsoft की ओर से ग्राहक के साथ कोई भी अनुबंध करने के लिए अधिकृत होते हैं.

b. **भागीदार व्यवस्थापक के विशेषाधिकार और ग्राहक डेटा पर उसकी पहुँच.** यदि ग्राहक किसी खरीदार से Online Services खरीदता है या किसी भागीदार को व्यवस्थापक के विशेषाधिकार प्रदान करना चुनता है, तो वह भागीदार Online Services का प्राथमिक व्यवस्थापक हो जाएगा और उसके पास ग्राहक डेटा एवं व्यवस्थापक डेटा के संबंध में व्यवस्थापकीय विशेषाधिकार और पहुँच होगी. ग्राहक Microsoft और उसके सहयोगियों को सहमति देता है कि वह Online Services के प्रावधान, व्यवस्थापन एवं सहायता के लिए (जो भी लागू हो) भागीदार को ग्राहक डेटा एवं व्यवस्थापक डेटा प्रदान करेगा. भागीदार ग्राहक के साथ अपने अनुबंध की शर्तों के अनुसार ऐसा डेटा संसाधित कर सकता है और इसकी गोपनीयता प्रतिबद्धताएँ Microsoft की प्रतिबद्धताओं से भिन्न हो सकती हैं. ग्राहक भागीदार को Microsoft को सूचनाएँ और अन्य संचार देने एवं प्राप्त करने के उद्देश्यों के लिए अपने एजेंट के रूप में नियुक्त करता है. ग्राहक भागीदार के व्यवस्थापकीय विशेषाधिकारों को कभी भी समाप्त कर सकता है.

c. **सहायता और पेशेवर सेवाएँ.** इस अनुबंध के अंतर्गत खरीदे गए उत्पादों के लिए उपलब्ध सहायता सेवाओं की जानकारी ग्राहक के भागीदार द्वारा प्रदान की जाएँगी. सहायता सेवाएँ भागीदार या उसके द्वारा नियुक्त पक्ष द्वारा प्रदान की जाएँगी, जो कुछ मामलों में Microsoft हो सकता है. यदि ग्राहक इस अनुबंध के तहत पेशेवर सेवाएँ ख़रीदता है, तो उन पेशेवर सेवाओं का निष्पादन उपयोग के अधिकारों के नियम और शर्तों के अधीन होगा.

मूल्य निर्धारण और भुगतान.

यदि ग्राहक किसी भागीदार से ऑर्डर देता है, तो वह भागीदार उस ऑर्डर के लिए ग्राहक की मूल्य-निर्धारण और भुगतान की शर्तें सेट करेगा और ग्राहक उस भागीदार के लिए बकाया राशि का भुगतान करेगा. ग्राहक द्वारा Microsoft से सीधे किए गए ऑर्डर से संबंधित मूल्य-निर्धारण और भुगतान की शर्तें Microsoft द्वारा नियत की जाती हैं और ग्राहक, इस खंड में वर्णित किए गए अनुसार Microsoft को बकाया राशि का भुगतान करेगा.

a. **भुगतान विधि.** ग्राहक को एक भुगतान विधि प्रदान करनी होगी या योग्य होने पर, उसके खाते से की गई खरीदारियों के लिए इनवॉयस किए जाने का विकल्प चुनना होगा. Microsoft को भुगतान विधि प्रदान करके, ग्राहक (1) जारी किए गए बैंक या लागू भुगतान नेटवर्क द्वारा प्रदान की गई चयनित भुगतान विधि के संबंध में खाता जानकारी के Microsoft के उपयोग के प्रति सहमति देता है; (2) स्वीकार करता है कि यह उस भुगतान विधि का उपयोग करने के लिए अधिकृत है और उसके द्वारा प्रदान की जाने वाली सभी भुगतान जानकारी सही और सटीक है; (3) स्वीकार करता है कि भुगता विधि को व्यवस्थित किया गया है और इसका उपयोग मुख्य रूप से वाणिज्यिक उद्देश्यों के लिए किया

जाता है, न कि व्यक्तिगत, पारिवारिक या घरेलू उपयोग के लिए; और (4) Microsoft को इस अनुबंध के अंतर्गत ऑर्डर के लिए उस भुगतान विधि का उपयोग करके ग्राहक से शुल्क लेने के लिए अधिकृत करता है.

b. **इनवॉयस.** Microsoft योग्य ग्राहकों को इनवॉयस कर सकता है. इनवॉयस द्वारा भुगतान चुनने की ग्राहक की योग्यता ग्राहक की वित्तीय स्थिति की Microsoft की स्वीकृति के अधीन है. ग्राहक Microsoft को ग्राहक की वित्तीय स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए अधिकृत करता है, जिसमें क्रेडिट रिपोर्ट भी शामिल हैं, ताकि इनवॉयसिंग के लिए ग्राहक की योग्यता का मूल्यांकन किया जा सके. जब तक कि ग्राहक के वित्तीय कथन सार्वजनिक रूप से उपलब्ध नहीं हो जाते, ग्राहक से उनकी बैलेंस शीट, लाभ और हानि तथा नकदी प्रवाह कथनों को Microsoft को प्रदान करने के लिए कहा जा सकता है. ग्राहक को इनवॉयसिंग हेतु योग्य होने के लिए Microsoft के लिए स्वीकार्य माध्यम में सुरक्षा प्रदान करनी पड़ सकती है. Microsoft कभी भी, किसी भी कारण से ग्राहक की योग्यता वापस ले सकता है. ग्राहक को अपनी कंपनी के नाम या स्थान में होने वाले किसी भी परिवर्तन और संगठन के स्वामित्व, संरचना या संचालनात्मक गतिविधियों के संबंध में किसी भी महत्वपूर्ण परिवर्तन की सूचना Microsoft को तुरंत देनी होगी.

c. **इनवॉयस भुगतान की शर्तें.** प्रत्येक इनवॉयस में ग्राहक द्वारा उस इनवॉयस अवधि के दौरान Microsoft को किए जाने वाले भुगतान की राशियों के बारे में जानकारी होगी. ग्राहक इनवॉयस दिनांक के बाद तीस (30) कैलेंडर दिनों के भीतर सारी बकाया राशियों का भुगतान करेगा.

d. **विलंबित भुगतान.** Microsoft, अपने विकल्प पर, Microsoft को किए जाने वाले ऐसे किसी भी भुगतान के संबंध में कुल देय राशि, परिकलित एवं मासिक देय के दो प्रतिशत (2%) की दर से या यदि कम है, तो कानूनन अनुमत अधिकतम राशि के अनुसार विलंबित शुल्क का मूल्यांकन कर सकता है, जिनके नियत दिनांक के बाद का समय पंद्रह (15) दिनों से अधिक हो गया है.

e. **रद्दीकरण शुल्क.** यदि सदस्यता समय पूर्व समाप्ति की अनुमति देती है और ग्राहक सदस्यता या बिलिंग अवधि की समाप्ति से पहले सदस्यता को रद्द कर देता है, तो ग्राहक से रद्दीकरण शुल्क लिया जा सकता है.

f. **रद्दीकरण शुल्क.** यदि सदस्यता समय पूर्व समाप्ति की अनुमति देती है और ग्राहक सदस्यता या बिलिंग अवधि की समाप्ति से पहले सदस्यता को रद्द कर देता है, तो ग्राहक से रद्दीकरण शुल्क लिया जा सकता है.

g. **अनुवर्ती भुगतान.** स्वचालित रूप से नवीनीकृत होने वाली सदस्यताओं के लिए, ग्राहक Microsoft को अधिकृत करता है कि वह प्रत्येक सदस्यता या बिलिंग अवधि के लिए समय-समय पर ग्राहक की भुगतान विधि से तब तक शुल्क ले सकता है, जब तक कि सदस्यता समाप्त नहीं हो जाती. अनुवर्ती भुगतानों को अधिकृत करके, ग्राहक Microsoft को इलेक्ट्रॉनिक डेबिट या निधि स्थानांतरणों के रूप में या उस निर्दिष्ट बैंक खाते (ऑटोमेटेड क्लीयरिंग हाउस या इसी प्रकार के डेबिट के मामले में) से इलेक्ट्रॉनिक ड्राफ़्ट के रूप में या उस निर्दिष्ट कार्ड खाते (क्रेडिट कार्ड या इसी प्रकार के भुगतानों के मामले में) (समग्र रूप से "इलेक्ट्रॉनिक भुगतान") से शुल्क के रूप में इस प्रकार के भुगतानों को संसाधित करने के लिए अधिकृत कर रहे हैं. यदि कोई भुगतान विफल रहता है या यदि कोई क्रेडिट कार्ड या इसी प्रकार का लेन-देन अस्वीकृत या मना कर दिया जाता है, तो Microsoft या उसके सेवा प्रदाता सभी लागू वापसी आइटम, स्वीकरण या अपर्याप्त निधि शुल्क एकत्र करने और इलेक्ट्रॉनिक भुगतान या बकाया राशि के लिए ग्राहक को इनवॉयस भेजने के लिए इस प्रकार के सभी शुल्कों को संसाधित करने का अधिकार उस सीमा तक सुरक्षित रखते हैं, जो लागू कानून द्वारा अनुमत है.

h. **कर.** Microsoft के मूल्यों में लागू कर तब तक शामिल नहीं होते हैं जब तक कि कर योग्य न माना जाए. यदि किसी भी राशि का भुगतान Microsoft को किया जाना है, ग्राहक को भी सभी लागू मूल्यवर्धित, माल और सेवाएँ, विक्रय, सकल प्राप्तियों या अन्य लेन-देन करों, शुल्कों या अधिभारों अथवा सभी विनियामक शुल्क वसूली अधिभारों या इसी प्रकार की राशियों का भी भुगतान करना होगा, जो इस अनुबंध के अंतर्गत देय हो और ग्राहक से इसे एकत्र करने के

लिए Microsoft को अनुमति है. ग्राहक किसी भी लागू स्टाम्प कर के लिए और उन सभी अन्य करों के लिए ज़िम्मेदार होगा जो ग्राहक के सहयोगियों के लिए उत्पाद के वितरण या प्रावधान पर उत्पन्न किसी भी कर सहित भुगतान करने के लिए कानूनी तौर पर बाध्य होते हैं. Microsoft की शुद्ध आय पर आधारित करों, आय या लाभों पर करों के बदले में लगाए गए कुल प्राप्ति करों और उसकी परिसंपत्ति स्वामित्व पर लगाए गए करों के लिए वह ज़िम्मेदारी होगा.

यदि Microsoft द्वारा इनवॉयस किए जाने वाले भुगतानों पर किसी भी कर को काटा जाना आवश्यक है, तो ग्राहक धारित राशि से वैसे करों को काट सकता है और उन्हें उपयुक्त कराधान प्राधिकारी को भुगतान कर सकता है, बशर्ते कि ग्राहक उन काटे गए करों और अन्य दस्तावेज़ों की आधिकारिक रसीद को तत्काल Microsoft को प्रदान करे ताकि Microsoft यथोचित रूप से विदेशी कर क्रेडिट या वापसी का दावा कर सके. ग्राहक इस बात को सुनिश्चित करेगा कि काटे गए सभी कर लागू कानून के अंतर्गत संभव सीमा तक कम से कम हैं.

अवधि और टर्मिनेशन.

a. **अवधि.** यह अनुबंध तब तक प्रभावी रहता है, जब तक कि किसी पक्ष द्वारा समाप्त नहीं कर दिया जाता, जैसा कि नीचे वर्णित है.

b. **बिना कारण के समाप्ति.** इस अनुबंध को कोई भी पक्ष 60 दिनों की सूचना देकर बिना किसी कारण के समाप्त कर सकता है. बिना किसी कारण के समाप्ति की वजह से ग्राहक के चिरस्थायी लाइसेंसों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा और इस अनुबंध की शर्तों के अधीन सदस्यता के आधार पर दिए गए लाइसेंस उस सदस्यता की अवधि(अवधियों) के लिए जारी रहेंगे.

c. **कारण पर समाप्ति.** अन्य उपायों, जो इसके पास हो सकते हैं, को सीमित किए बिना, यदि दूसरा पक्ष 30-दिनों के भीतर सामग्री उल्लंघन का समाधान करने में विफल रहता है, तो 30 दिनों की सूचना देकर कोई भी पक्ष उस उल्लंघन के लिए इस अनुबंध को समाप्त कर सकता है. इस प्रकार की समाप्ति पर, निम्न बातें लागू होंगी:

   (1) केवल पूरी तरह से भुगतान किए गए, चिरस्थायी लाइसेंसों के सिवाय, इस अनुबंध के अंतर्गत दिए गए सभी लाइसेंस तत्काल समाप्त हो जाएँगे.

   (2) भुगतान न किए गए किसी भी इनवॉयस के अंतर्गत बाकी सभी राशियाँ तत्काल बकाया और देय हो जाएँगी. उपयोग के आधार पर समय-समय पर बिल किए जाने वाले मीटर्ड उत्पादों के लिए, ग्राहक को समाप्ति दिनांक के अनुसार भुगतान न किए गए उपयोग के लिए तत्काल भुगतान कर देना चाहिए.

   (3) यदि Microsoft उल्लंघन कर रहा है, तो ग्राहक को किसी भी सदस्यता शुल्क के लिए एक क्रेडिट प्राप्त होगा, जिसमें अप्रयुक्त उपभोग, समाप्ति दिनांक के बाद की अवधि में किए गए किसी भी उपयोग के लिए, अप्रयुक्त उपभोग के लिए भुगतान की गई अग्रिम राशियाँ भी शामिल होंगी.

d. **निलंबन.** Microsoft सामग्री उल्लंघन की किसी भी अवधि के दौरान इस अनुबंध को समाप्त किए बिना किसी Online Service के उपयोग को निलंबित कर सकता है. Microsoft उचित होने पर ऑनलाइन सेवा के निलंबन से पहले ग्राहक को नोटिस देगा.

e. **विनियामक कारणों से समाप्ति.** Microsoft ऐसे किसी भी देश या क्षेत्राधिकार में किसी उत्पाद को संशोधित, बंद या समाप्त कर सकता है, जहाँ कोई भी ऐसा मौजूदा या भावी सरकारी विनियम, बाध्यता अथवा अन्य आवश्यकता मौजूद होती है, जो (1) आमतौर पर वहाँ संचालित हो रहे व्यवसाय पर लागू नहीं होती है; (2) बिना किसी संशोधन के उत्पाद प्रस्तावित करते रहने के लिए Microsoft कठिनाई पैदा करती है; या (3) Microsoft को यह विश्वास दिलाता है कि ये शर्तें या उत्पाद ऐसे किसी भी विनियम, बाध्यता या आवश्यकता के साथ विरोध कर सकता है. यदि Microsoft विनियामक कारणों से किसी सदस्यता को रद्द कर देता है, तो ग्राहक को, उसके एकमात्र उपाय के रूप में, किसी भी

सदस्यता शुल्क के लिए एक क्रेडिट प्राप्त होगा, जिसमें अप्रयुक्त उपभोग, समाप्ति दिनांक के बाद की अवधि में किए गए अप्रयुक्त उपभोग के लिए भुगतान की गई अग्रिम राशियाँ भी शामिल होंगी.

विविध.

a. **स्वतंत्र ठेकेदार.** पक्ष स्वतंत्र संविदाकार हैं. ग्राहक और Microsoft, प्रत्येक बिना दूसरे की गोपनीय जानकारी का उपयोग किए, स्वतंत्र रूप से उत्पाद विकसित कर सकता है.

b. **अनुबंध अनन्य नहीं है.** ग्राहक दूसरों के उत्पादों और सेवाओं को लाइसेंसीकृत करने, उपयोग और प्रचार करने वाले अनुबंधों में शामिल होने के लिए स्वतंत्र है.

c. **संशोधन.** Microsoft समय-समय पर इस अनुबंध को संशोधित कर सकता है. उपयोग अधिकार में किए जाने वाले परिवर्तन इस अनुबंध में प्रदान किए गए अनुसार लागू किए जाएँगे. अन्य शर्तों में किए जाने वाले परिवर्तन तब तक लागू नहीं होंगे, जब तक ग्राहक उन्हें स्वीकार नहीं करता. Microsoft किसी नए ऑर्डर को संसाधित करने से पहले ग्राहक को संशोधित या अतिरिक्त शर्तों को स्वीकार करने के लिए कह सकता है. किसी क्रय ऑर्डर में मौजूद या अन्यथा ग्राहक द्वारा प्रस्तुत की गई सभी अतिरिक्त या विरोधी नियम और शर्तें स्पष्ट रूप से अस्वीकृत की जाती हैं और लागू नहीं की जाएँगी.

d. **असाइनमेंट.** कोई भी पक्ष यह अनुबंध किसी सहयोगी को असाइन कर सकता है लेकिन उसे दूसरे पक्ष को उस असाइनमेंट के बारे में लिखित में सूचित करना होगा. ग्राहक किसी सहयोगी या तृतीय पक्ष के असाइनमेंट के लिए, इस अनुबंध के अंतर्गत Microsoft के सभी अधिकारों के प्रति, बिना किसी पूर्व सूचना के, भुगतान प्राप्त करने और ग्राहक की भुगतान बाध्यताओं को लागू करने के प्रति सहमति देता है और सभी असाइनी को आगे इस प्रकार के अधिकार बिना किसी सहमति के असाइन किए जा सकते हैं. इस अनुबंध का कोई भी अन्य प्रस्तावित असाइनमेंट गैर-असाइनिंग पक्ष द्वारा लिखित में स्वीकृत किया जाना चाहिए. असाइनमेंट, असाइन किए गए इस अनुबंध के अंतर्गत असाइन करने वाले पक्ष को उसकी बाध्यताओं से मुक्त नहीं करेगा. आवश्यक अनुमोदन के बिना असाइन करने का कोई भी प्रयास रद्द कर दिया जाएगा.

e. **यू.एस. निर्यात.** उत्पाद यू.एस. निर्यात क्षेत्राधिकार के अधीन हैं. ग्राहक को सभी लागू अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय क़ानूनों का पालन करना पड़ेगा, इसमें यू.एस. निर्यात व्यवस्थापन नियमन, शस्त्र नियमनों में अंतरराष्ट्रीय ट्रैफ़िक, और अंतिम-उपयोगकर्ता, Microsoft उत्पादों, सेवाओं और प्रौद्योगिकियों से संबंधित यू.एस. और अन्य सरकारों द्वारा जारी अंतिम उपयोगकर्ता और गंतव्य प्रतिबंध भी शामिल हैं.

f. **विच्छेदनीयता.** यदि इस अनुबंध का कोई भी भाग अप्रवर्तनीय हो जाता है, तो शेष अनुबंध पूर्ण रूप से प्रभावी बना रहेगा.

g. **छूट.** इस अनुबंध के किसी भी प्रावधान को प्रवर्तित करने में होने वाली विफलता छूट का कारण नहीं मानी जाएगी. कोई भी छूट लिखित में दी जानी चाहिए और उस पर छूट देने वाले पक्ष का हस्ताक्षर होना चाहिए.

h. **कोई तृतीय पक्ष लाभार्थी नहीं.** यह अनुबंध किसी भी प्रकार का तृतीय-पक्ष लाभार्थी अधिकार नहीं देता, बशर्ते कि उसकी शर्तों में व्यक्त रूप से प्रदान किया गया हो.

i. **उत्तरजीविता.** ऐसे प्रावधानों को, जिन्हें केवल इस अनुबंध की अवधि के दौरान निष्पादन की आवश्यकता होती है, छोड़कर अन्य सभी प्रावधान इस अनुबंध की समाप्ति पर बने रहते हैं.

j. सूचनाएं. सूचनाएँ लिखित रूप में होनी चाहिए और उन्हें पते पर प्राप्ति दिनांक को, वापसी रसीद पर दर्शाए दिनांक को, ईमेल संचार दिनांक को या कोरियर अथवा फ़ैक्स द्वारा डिलीवरी के पुष्टिकरण दिनांक को वितरित किए गए के रूप में समझा जाएगा. Microsoft को सूचनाएँ निम्न पते पर भेजी जानी चाहिए:

Microsoft Corporation (India) Pvt. Ltd.
Level 10, Tower 'C'
DLF Epitome - Building No. 5
DLF Cyber City,
Phase III, Gurgaon - 122002

Microsoft Operations Ireland Limited
c/o Microsoft Operations Pte Ltd
Dept. 551, Volume Licensing
182 Cecil Street
#13-01 Frasers Tower
Singapore 069547
Republic of Singapore

ग्राहक को सूचनाएँ उस पते पर मौजूद व्यक्ति को भेजी जाएँगी, जिसके बारे में ग्राहक अपने खाते पर सूचनाओं के लिए अपने संपर्क के रूप में बताएगा. Microsoft ग्राहक को सूचनाएँ एवं अन्य जानकारी ईमेल या अन्य इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से भेज सकता है.

k. **लागू कानून.** यह अनुबंध भारतीय कानून द्वारा प्रशासित होगा और इसकी व्याख्या भी इसी के अनुसार की जाएगी. सामान की अंतर्राष्ट्रीय बिक्री के अनुबंधों और उसके संबंधित विलेखों के लिए संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन 1980 इस अनुबंध पर लागू नहीं होंगे.

l. **विवाद निपटाना.** इस अनुबंध के कारण या इसके संबंध में उत्पन्न होने वाले किसी भी मामले या दावे का अंतिम समाधान वर्ष 1996 के भारतीय मध्यस्थता अधिनियम के अनुसार मध्यस्थता का मार्ग अपनाकर किया जाएगा. यह मध्यस्थता सिंगापुर अंतर्राष्ट्रीय मध्यस्थता केंद्र ("SIAC") में प्रतिपादित प्रक्रिया तथा मध्यस्थता के क्यूरियल कानून के अनुसार किया जाएगा, जिनके नियमों को इस अनुबंध के संदर्भ में शामिल माना गया है. ट्रिब्यूनल में एक मध्यस्थ होगा जिसकी नियुक्ति SIAC के अध्यक्ष द्वारा होगी. मध्यस्थता अंग्रेज़ी भाषा में की जाएगी और मध्यस्थता का स्थान नई दिल्ली होगा. मध्यस्थ का निर्णय अंतिम, बाध्यकारी और निर्विवाद होगा और उसका उपयोग भारत तथा अन्यत्र कहीं भी न्यायिक निर्णय के आधार के रूप में किया जा सकता है. नई दिल्ली के न्यायालय अपने विशिष्ट क्षेत्राधिकार का प्रयोग करके उक्त के प्रवर्तन से संबंधित किन्हीं भी मुकदमों पर सुनवाई करने और/या उक्त के संबंध में किसी भी प्रकार की अंतिम सुरक्षा प्रदान करने का निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र होंगे. लागू कानून द्वारा अनुमत अधिकतम सीमा तक, शामिल पक्ष उक्त के संबंध में किसी भी प्रकार की अपील करने या न्यायालय से ऐसी ही कोई अन्य याचना करने के अपने अधिकार का अधित्याग करते हैं. स्थान का चुनाव किसी भी पक्ष को किसी भी उचित क्षेत्राधिकार में अपने बौद्धिक संपदा अधिकारों या गोपनीयता दायित्वों के उल्लंघन के संबंध में निषेधात्मक राहत प्राप्त करने का प्रयास करने से नहीं रोकता.

m. **वरीयता का क्रम.** इन सामान्य शर्तों को अन्य दस्तावेज़ों में दी गई उन सभी विरोधी शर्तों के मुकाबले वरीयता दी जाएगी, जो इस अनुबंध का भाग है, जिनका स्पष्ट रूप से उन दस्तावेज़ों में समाधान नहीं किया गया है, सिवाय उपयोग अधिकारों की उन विरोधी शर्तों के, जिन्हें लागू उत्पादों पर लागू इन सामान्य शर्तों के मुकाबले वरीयता दी जाती है. Online Services की शर्तों में दी गई शर्तों को उत्पाद शर्तों की विरोधी शर्तों के मुकाबले वरीयता दी जाती है. किसी संशोधन में दी गई शर्तें संशोधित दस्तावेज़ और इसी प्रकार की विषय-वस्तु से संबंधित पिछले किन्हीं भी संशोधनों को नियंत्रित करती हैं.

n. **Microsoft सहयोगी और संविदाकार.** Microsoft इस अनुबंध के अंतर्गत अपने दायित्वों का निष्पादन अपने सहयोगियों के माध्यम से कर सकता है और निश्चित सेवाएँ प्रदान करने के लिए संविदाकारों का उपयोग कर सकता है. उनके प्रदर्शन के लिए Microsoft ज़िम्मेदार बना रहेगा.

o. **सरकारी अधिप्राप्ति नियम.** यह अनुबंध स्वीकार करके, ग्राहक यह आश्वासन और स्वीकृति देता है कि (i) यह सभी लागू सरकारी अधिप्राप्ति कानूनों और विनियमों के अनुपालन में है और भविष्य में भी उनका अनुपालन करेगा; (ii) यह इस अनुबंध के लिए अधिकृत है; और (iii) यह अनुबंध सभी लागू अधिप्राप्ति आवश्यकताओं को पूरा करता है.

परिभाषाएँ.

"व्यवस्थापक डेटा" का अर्थ साइन-अप, खरीदारी या उत्पादों के व्यवस्थापन के दौरान Microsoft या उसके सहयोगियों को प्रदान की जाने वाली जानकारी से है.

"सहयोगी" का अर्थ ऐसे किसी भी कानूनी निकाय से है, जो किसी पक्ष को नियंत्रित करता है, उसके नियंत्रण में है या संयुक्त नियंत्रण के अधीन है. "नियंत्रण" का अर्थ किसी निकाय में मतदान प्रतिभूतियों के 50% से अधिक हित के स्वामित्व या किसी निकाय के प्रबंधन एवं नीतियों के प्रत्यक्ष अधिकार से है.

"गोपनीय जानकारी" को "गोपनीयता" अनुभाग में परिभाषित किया गया है.

"ग्राहक" का अर्थ ऐसे निकाय से है, जिसकी पहचान इस अनुबंध के साथ संबद्ध खाते के रूप में की गई हो.

"ग्राहक डेटा" का अर्थ उन सभी डेटा से है, जिनमें सभी पाठ, ध्वनि, सॉफ़्टवेयर, छवि या वीडियो फ़ाइलें शामिल हैं, जो Online Services के उपयोग के माध्यम से ग्राहक और उसके सहयोगियों द्वारा या उनकी ओर से Microsoft या उसके सहयोगियों को प्रदान की जाती है.

"अंतिम उपयोगकर्ता" का अर्थ ऐसे किसी भी व्यक्ति ग्राहक से है, जो किसी उत्पाद का उपयोग करता है या ग्राहक डेटा तक पहुँचता है.

"लाइसेंसिंग साइट" का अर्थ http://www.microsoft.com/licensing/contracts या किसी अनुवर्ती साइट से है.

अगर आप सीधे Microsoft से खरीद रहे हैं, तो "Microsoft" का अर्थ है, Microsoft Corporation (India) Pvt. Ltd. अगर आप किसी भागीदार से खरीद रहे हैं, तो इसका अर्थ है, Microsoft Ireland Operations Limited.

"गैर-Microsoft उत्पाद" का अर्थ ऐसे किसी भी तृतीय-पक्ष-ब्रांड वाले सॉफ़्टवेयर, डेटा, सेवा, वेबसाइट या उत्पाद से है, जब तक कि किसी उत्पाद में Microsoft द्वारा शामिल न किया गया हो.

"Online Services" का अर्थ Microsoft द्वारा होस्ट की गई सेवाओं से है, जिनकी इस अनुबंध के अंतर्गत ग्राहक सदस्यता लेता है. इसमें अलग लाइसेंस शर्तों के अंतर्गत प्रदान किए गए सॉफ़्टवेयर और सेवाएँ शामिल नहीं हैं.

"ऑनलाइन सेवाओं की शर्तें" का अर्थ है, ऐसी अतिरिक्त शर्तें जो ग्राहक के ऑनलाइन सेवाओं के उपयोग पर लागू होती है जो लाइसेंसिंग साइट पर प्रकाशित होती है और समय-समय पर अद्यतन होती हैं.

"भागीदार" का अर्थ एक ऐसी कंपनी से है, जिसे Microsoft ने ग्राहक को उत्पाद वितरित करने के लिए अधिकृत किया हुआ है.

"व्यक्तिगत डेटा" का अर्थ ऐसी किसी भी जानकारी से है, जो किसी पहचाने गए या पहचाने जाने योग्य वास्तविक व्यक्ति से संबंधित होती है.

"उत्पाद" का अर्थ उत्पाद शर्तों में पहचाने गए उन सभी सॉफ़्टवेयर और Online Services से है, जिन्हें Microsoft इस अनुबंध के अंतर्गत प्रस्तावित करता है, जिनमें Microsoft से पूर्वावलोकन, पूर्व-रिलीज़ संस्करण, अद्यतन, पैच और बग सुधार शामिल हैं. उत्पाद उपलब्धता क्षेत्र के अनुसार अलग-अलग हो सकती है. "उत्पाद" में गैर-Microsoft उत्पाद शामिल नहीं हैं.

"उत्पाद शर्तें" का अर्थ ऐसे दस्तावेज़ है, जो इस अनुबंध के अंतर्गत उपलब्ध उत्पादों के बारे में जानकारी प्रदान करता है. उत्पाद शर्तें दस्तावेज़ लाइसेंसिंग साइट पर प्रकाशित होता है और समय-समय पर उसे अद्यतन किया जाता है.

"प्रकाशक" का अर्थ किसी गैर-Microsoft उत्पाद के प्रदाता से है.

"प्रतिनिधि" का अर्थ किसी पक्ष के कर्मचारियों, सहयोगियों, ठेकेदारों, सलाहकारों और परामर्शदाताओं से है.

“SLA” का अर्थ सेवा स्तर अनुबंध है, जो ऑनलाइन सेवाओं के लिए न्यूनतम सेवा स्तर निर्दिष्ट करता है और लाइसेंसिंग साइट पर प्रकाशित होता है.

“सॉफ़्टवेयर” का अर्थ उत्पाद शर्तों पर चिह्नित Microsoft सॉफ़्टवेयर की लाइसेंसयुक्त प्रतियों से है. सॉफ़्टवेयर में ऑनलाइन सेवाएँ शामिल नहीं हैं, परंतु सॉफ़्टवेयर ऑनलाइन सेवाओं का एक भाग हो सकता है.

“उपयोग” का अर्थ, प्रतिलिपि बनाने, डाउनलोड, स्थापित करने, चलाने, प्रदर्शित करने, उपयोग करने या अन्यथा उसके साथ इंटरैक्ट करने से है.

“उपयोग अधिकार” का अर्थ, प्रत्येक उत्पाद के लिए उन लाइसेंस शर्तों और सेवा की शर्तों से है जो लाइसेंसिंग साइट पर प्रकाशित होती है और समय-समय पर अद्यतन की जाती हैं. उपयोग अधिकार उत्पाद के साथ आने वाली किसी भी अंतिम उपयोगकर्ता लाइसेंस अनुबंध की शर्तों का स्थान लेती है. सभी उत्पादों के लिए लाइसेंस शर्तें उत्पाद शर्तों में प्रकाशित की जाती हैं. Online Services के लिए सेवा की शर्तें Online Services शर्तों में प्रकाशित होती हैं.